# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग मुजफ्फरनगर।

पत्रांक :– 1504/14-1 मुजफ्फरनगर दिनांक, 11-11- 2019।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
एन0एच0डिविजन,पी0डब्लू0डी0,
गाजियाबाद।

विषयः– जनपद मुजफ्फरनगर में लक्सर –पुरकाजी मार्ग ( नया एन0एच0 334ए) कि0मी0 0.00 से कि0मी0 15.089 तक मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य हेतु 0.21 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 59 वृक्ष पातन तथा 15.892 है0 गैर संरक्षित वन भूमि एवं उस पर अवस्थित 3533 वृक्षों के पातन की अनुमति हेतु प्रस्ताव।

संदर्भः– ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/ROAD/40150/2019 एवं आपका पत्रांक–1499/1सी0 दिनांक–01.11.2019

महोदय,

कृपया अपने कार्यालय के उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से उपरोक्त विषयक प्रस्ताव की हार्ड कापी दिनांक 04.11.2019 को इस कार्यालय मे प्रेषित की गयी है। विषयक प्रस्ताव का परीक्षण करने पर इसमें निम्नलिखित कमियां प्रकाश में आयी है।

1– प्रस्ताव में संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न नहीं है। अतः अपने अधीनस्थ परियोजना से सम्बन्धित किसी सहायक अभियन्ता को नामित करते हुए उन्हें निर्देशित करने का कष्ट करें कि वो क्षेत्रीय वन अधिकारी मुजफ्फरनगर (मो0–7839434644) से सम्पक स्थापित कर विषयक परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण कराकर संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर प्रस्ताव में संलग्न करें।

2– प्रस्ताव में वनाधिकार अधिनियम 2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के स्तर से निर्गत सरलीकृत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है। कृपया इसे प्राप्त कर प्रस्ताव में संलग्न करें।

3– प्रस्ताव में संरक्षित एवं गैर संरक्षित वन भूमि का जियो रेफरेंस मैप संयुक्त रूप से बनाकर संलग्न किया गया है। कृपया प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि 0.21 है0 का जियो रेफरेंस्ड डिजिटल मैप प्रस्ताव में पृथक से संलग्न करें।

4– प्रस्ताव में प्रस्तावित संरक्षित वन भूमि एवं गैर संरक्षित वन भूमि को 1:50000 स्केल की SOI टोपोशीट पर दर्शाकर संलग्न नहीं किया गया है। कृपया इसे संलग्न करें।

5– प्रस्ताव में संलग्न की गयी सूचनाओं /अभिलेखों पर न तो पृष्ठ संख्या अंकित है और न ही संलग्न संख्या अंकित की गयी है। कृपया प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या एवं संलग्न संख्या अंकित करते हुए विषय सूची बनाकर प्रस्ताव में संलग्न करें।

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव में पायी गयी कमियों का निराकरण कर संशोधित प्रस्ताव यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रस्ताव उच्च स्तर को ससमय प्रेषित किया जा सकें।

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

संख्याः– 1504/14-1 दिनांकित।

प्रतिलिपि–वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय वन अधिकारी, मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विपषक परियोजना से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता के सम्पर्क करने पर परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण करते हुए संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

Recived 1 copy
md. Soqib Rashid
Site Engineer 11/11/19
PWD
6202471721

(सूरज)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

O/c

369 D:\FOREST\Surendra\Survey Branch\Genral\PWD.doc